thermal fields which merited exploration. Investigations in Parbati Valley were completed in March, 1984 but the maximum temperature obtained in the exploratory bore holes was not considered favourable for large scale power generation on commercial basis. The Central Electricity Authority has taken up a project for assessment of the Geothermal potential in Puga Valley for power generation. There is, at present, no proposal for taking up any project for exploitation of Hot Springs for generation of Energy at any other site.

पूर्वी दिल्ली के उपभोक्ताओं को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के कनेक्शन

2627. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी दिल्ली के उन उपभोक्ताओं को अभी तक भी तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के कनेक्शन प्रदान नहीं किये गये हैं जिन्होंने इन कनेक्शनों के लिए 1982, 1983 और 1984 की अवधि के दौरान एल०पी०जी० के वितरकों के पास अपने नाम पंजीकृत करा दिये थे जब कि दिल्ली की कच्ची बस्तियों के उपभोक्ताओं द्वारा इस अवधि के दौरान दिए गये ऐसे आवेदनों पर गैस कनेक्शन प्रदान कर दिये गए हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर हां हो, तो उसके क्या कारण है और क्या सरकार इस असमानता को दूर करने का विचार रखती है ; यदि हां तो इस संबंध में उठाये जाने वाले कदमों का ब्योरा क्या है ; और

(ग) उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित कनेक्शन कब तक प्रदान कर दिये जाने की संभावना है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) और (ख) प्रत्येक क्षेत्र में गैस के नये कनेक्शन प्रतीक्षा सूची में वरिष्टता के अनुसार दिये जाते हैं । नये कनेक्शनों के लिए वरीयता का निर्वाह किया जाना संभव नहीं है क्योंकि वर्तमान डीलरों के पास उपलब्ध कार्यों की मात्रा हरेक क्षेत्र में चालू होने वाली नई डीलरशिपों के लिए लगने वाले समय और हरेक क्षेत्र के लिए तैयार की गई प्रतीक्षा सूची के कार्यक्रम में अन्तर होता है ।

(ग) तेल उद्योग दिल्ली सहित संपूर्ण देश में, एल.पी.जी. के नये कनेक्शन अपने वार्षिक उपभोक्ता नामांकन कार्यक्रम के अंतर्गत एल०पी०जी० की उपलब्धता और भरण क्षमता में होने वाली वृद्धि के अनुसार चरणबद्ध रूप में देता है ।

इंडियन आयल कारपोरेशन के तरलीकृत पेट्रोलियम के वितरकों को प्राप्त हुए ट्रांसफर वाउचर

2628. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान दिल्ली में इंडियन आयल कारपोरेशन के तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के वितरकों को कितने जाली अन्तरण (ट्रांसफर) वाउचर प्राप्त हुए ;

(ख) उपर्युक्त भाग (क) में संदर्भित वितरकों और उपभोक्ताओं के नाम और पते क्या हैं ; और

(ग) इस चलन को रोकने तथा दोषी व्यक्तियों को दंडित करने के लिए इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है अथवा किये जाने का विचार है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ;

(ग) निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कनेक्शन देने के बाद वितरक की टी बी की प्रामाणिकता की पुष्टि उसे जारी करने वाले वितरक से करानी होती है । यदि टी बी प्रामाणिकता नहीं पायी जाती है तो तत्काल सप्लाई बन्द कर दी जाती है और उपकरण प्राप्त करने के प्रयास किए जाते हैं ?